# राज्यपालीय आपदा उद्घोषणा

**जबकि**, 31 अगस्त, 2022 को इलिनॉय राज्य और शिकागो शहर ने टेक्सास राज्य द्वारा संयुक्त राज्य अमेरिका में शरण मांगने वाले मध्य और दक्षिण अमेरिका के परिवारों तथा व्यक्तियों को लेकर आने वाली पहली बसों के बिना किसी सूचना के पहुंचने पर उनका स्वागत किया; और,

**जबकि**, 31 अगस्त, 2022 और 26 मई, 2023 के बीच, हजारों शरण मांगने वाले कई परिवार और व्यक्ति, वे बिना किसी सूचना के टेक्सास से शिकागो पहुंचे हैं; और,

**जबकि**, यह उम्मीद की जाती है कि शरण मांगने वाले व्यक्तियों और परिवारों को सरकारी संस्थाओं द्वारा टेक्सास से इलिनॉय और संभावित रूप से अन्य राज्यों में बड़े पैमाने पर ले जाया जाता रहेगा और राज्य और स्थानीय भागीदारों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से इस हेतु निधि की व्यवस्था करने और इस समस्या को हल करने के लिए एक साथ काम करना जारी रखना होगा, जिसमें निम्न कार्य शामिल हैं परंतु इन्हीं तक सीमित नहीं हैं; आश्रय क्षमता बढ़ाना, पुनर्वास मामले के प्रबंधन और स्थायी आवास की व्यवस्था करना; और,

**जबकि**, इलिनॉय एक स्वागत करने वाला राज्य है, जो लंबे समय से बढ़ते अप्रवासियों के समुदाय से समृद्ध और संपन्न रहा है और 1975 से जिसने 60 से अधिक देशों के 125,000 से अधिक शरणार्थियों को बसाया है; और,

**जबकि**, शिकागो शहर और अन्य स्थानीय सरकारों के साथ निकट समन्वय स्थापित कर राज्य एजेंसियां, यह सुनिश्चित करने के लिए कार्य करना जारी रखे हुए हैं, कि यहां पहुंचने वाले व्यक्तियों और परिवारों को, उनके कुशल-मंगल और इलिनॉय राज्य और उसके निवासियों के समग्र कुशल-मंगल, दोनों की सुरक्षा के लिए आवश्यक सहायता प्राप्त हो; और,

**जबकि**, इलिनॉय में शरण मांगने वाले परिवारों और लोगों को विशिष्ट और तत्काल सहायता की आवश्यकता है, जिसमें आपातकालीन आश्रय और आवास; भोजन; स्वास्थ्य जांच, चिकित्सा जांच और उपचार; महत्वपूर्ण सेवाओं (कानूनी सेवाओं और नौकरी के लिए त्वरित सहायता सहित) तक पहुँचने में उनकी सहायता करने के लिए केस प्रबंधन सेवाएँ और लाभ (संभावित रूप से महिलाओं के खिलाफ हिंसा अधिनियम, और/या अपराध के शिकार अधिनियम के तहत, अवैध व्यापार, यातना और अन्य गंभीर अपराधों (VTTC) के पीड़ितों को लाभ सहित); पब्लिक स्कूलों में नामांकन; और लंबी अवधि के आवास और आवास सहायता शामिल हैं; और,

**जबकि**, ये परिवार और लोग अपने घरों से बहुत लंबी और कठिन यात्रा करते हुए आ रहे हैं, उनमें से कई को चिकित्सा देखभाल की भी आवश्यकता होती है, जिनमें गर्भवती महिलाओं के लिए प्रसव से पूर्व देखभाल; बच्चों में कुपोषण, डिहाइड्रेशन और अस्थमा के लिए उपचार; पैर की चोट और घाव की देखभाल; टीकाकरण; और पुरानी स्वास्थ्य स्थिति का प्रबंधन भी शामिल हैं। यात्रा के दौरान हुए आघात से उबरने के लिए, इलिनॉय में आने वाले कई वयस्कों, बच्चों और नवजात शिशुओं को भी मानसिक स्वास्थ्य परीक्षण और उपचार की आवश्यकता होती है;

**जबकि**, इलिनॉय राज्य और संपूर्ण राज्य में कई स्थानीय सरकारें नियमित रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रवेश या शरण मांगने वाले परिवारों और लोगों के साथ-साथ अतिसंवेदनशील आबादी की जरूरतों को पूरा करने हेतु पर्याप्त क्षमता सुनिश्चित करने के लिए योजना बनाने में पूरी तरह से व्यस्त हैं; और,

**जबकि**, यह उद्घोषणा आवश्यक है क्योंकि शरण चाहने वाले परिवार और व्यक्ति अपनी आगमन तिथि, की सूचना दिए बिना या इलिनॉय राज्य या शिकागो शहर के साथ समन्वय किए बिना इलिनॉय में आ रहे हैं; और,

**जबकि**, आज तक, इलिनॉय राज्य और स्थानीय सरकारों ने गैर-सरकारी संगठनों तथा स्वयंसेवकों के साथ घनिष्ट समन्वय स्थापित करके शरण मांगने वाले परिवारों और लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए काम किया है; और,

**जबकि**, मौजूदा शरण मांगने वाले परिवारों और व्यक्तियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए आवश्यक बढ़ी हुई क्षमता को बनाए रखने की तत्काल ज़रूरत है, क्योंकि इन कमजोर परिवारों और व्यक्तियों के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए सभी आवश्यक सेवाएं प्रदान करने की सामान्य क्षमता बढ़ गई है; और,

**जबकि**, तत्काल और लगातार कार्रवाई के बिना, शरण मांगने वाले परिवारों और लोगों के लिए अल्पकालिक और मध्यवर्ती एवं लंबी अवधि के आश्रय और आवास; उन्हें समावेशित करने वाली सेवाएं जैसे कि भोजन, स्वास्थ्य देखभाल, कानूनी सेवाएँ, और रोजगार के लिए त्वरित सहायता; अन्य आवश्यक सेवाओं तक पहुंचने में सहायता करने के लिए केस प्रबंधन कर्मचारी; और इन सेवाओं को प्रदान करने के लिए सभी स्तरों पर आवश्यक परिचालन के लिए स्टाफिंग से जुड़ी सेवाएं; सहित महत्वपूर्ण सेवाओं में क्षमता की कमी हो जाएगी; और,

**जबकि**, आपातकालीन आश्रय और आवास क्षमता के साथ-साथ कर्मचारियों और सेवाओं के लिए तेजी से बढ़ती जरूरतों को पूरा करते रहने, और पूरे इलिनॉय में शरण मांगने वाले परिवारों और लोगों तथा समुदायों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और कल्याण के लिए जोखिम से बचाते रहने के लिए, राज्य को राज्यपाल की आपातकालीन शक्तियों के उपयोग की आवश्यकता वाली अनुबंधित सहायता को तत्काल प्राप्त करना चाहिए; और,

**जबकि**, मौजूदा इलिनॉय निवासियों के लिए महत्वपूर्ण सेवाएं बाधित न हों, यह सुनिश्चित करते हुए इस विकसित होती स्थिति को संभालने के लिए आवश्यक अंतर-एजेंसी और अंतर-सरकारी प्रयासों हेतु लगातार स्टाफ की व्यवस्था करने के लिए आपातकालीन कदम उठाना ज़रूरी है; और,

**जबकि**, वर्तमान स्थिति की परिस्थितियाँ इन कमजोर परिवारों और व्यक्तियों और राज्य के स्वास्थ्य, सुरक्षा और कल्याण के लिए खतरे को जन्म देती हैं, इस कारण इसमें तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता है, और इलिनॉय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी अधिनियम की धारा 4 के अनुसार यह आपदा की स्थिति है, और इस कारण इसका सामना करने के लिए राज्य द्वारा आपातकालीन कार्रवाई की आवश्यकता है; और,

**जबकि**, सितंबर, 2022 को, इन परिस्थितियों के कारण स्वास्थ्य, सुरक्षा और कल्याण पर खतरे को देखते हुए, मैंने इलिनॉय राज्य में सभी काउंटियों को आपदा क्षेत्र घोषित किया; और,

**जबकि**, इलिनॉय राज्य की यह नीति है कि राज्य किसी भी आपदा को संभालने के लिए तैयार रहेगा, इसलिए, लोक स्वास्थ्य, सुरक्षा और कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त राज्य संसाधन उपलब्ध कराना आवश्यक व उपयुक्त है; और,

**जबकि**, ये स्थितियां इलिनॉय आपातकालीन प्रबंधन अधिनियम (इलिनॉय इमरजेंसी मैनेजमेंट एक्ट) के अनुभाग 7 के अंतर्गत आपदा की उद्घोषणा जारी करने का विधिक औचित्य प्रदान करती हैं; और,

**जबकि**, इलिनॉय का संविधान, अनुच्छेद V के, अनुभाग 8 के अनुसार "राज्यपाल के पास सर्वोच्च कार्यकारी अधिकार होगा। साथ ही, वह कानूनों के न्यायसंगत निष्पादन के लिए जिम्मेदार होगा," और इलिनॉय के संविधान का केंद्रीय उद्देश्य "लोगों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और कल्याण के लिए कार्य करना" है;

**अब, अतः**, इलिनॉय के लोगों और लोक स्वास्थ्य, सुरक्षा और कल्याण हेतु उत्तरदायी स्थानीय शासन की सहायता के लिए, मैं, जे बी प्रिट्ज़कर (JB Pritzker), इलिनॉय का राज्यपाल (गवर्नर), एतद्द्वारा निम्नवत उद्घोषणा करता हूं:

**अनुभाग 1**: इलिनॉय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी अधिनियम, 20 ILCS 3305/7 की धारा 7 के प्रावधानों के अनुसार, मुझे लगता है कि इलिनॉय राज्य के भीतर एक आपदा मौजूद है और राज्य में सभी काउंटियों को एक आपदा क्षेत्र घोषित करता है। उद्घोषणा इलिनॉय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी अधिनियम, 20 ILCS 3305/7 की धारा 7 में सूचीबद्ध सभी आपातकालीन प्राधिकरणों के उपयोग की अनुमति देती है, जिनमें नीचे सूचीबद्ध लोगों को शामिल किया गया है, लेकिन उन तक सीमित नहीं है।

**अनुभाग 2**. प्रमुख एजेंसी के रूप में सेवारत इलिनॉय डिपार्टमेंट ऑफ ह्यूमन सर्विसेज (Illinois Department of Human Services) के साथ, राज्य के सभी निम्न अभिकरणों (एजेंसियों) को वर्तमान स्थिति, के प्रभावों का जवाब देने के लिए रणनीतियों और योजनाओं के विकास और कार्यान्वयन के संबंध में इलिनॉय में आ रहे, शरण चाहने वालों की जरूरतों को पूरा करने सहित राज्यपाल के साथ-साथ अन्य राज्य एजेंसियों, स्थानीय अधिकारियों और इलिनॉय स्टेट बोर्ड ऑफ एजुकेशन (Illinois State Board of Education) के साथ सहयोग जारी रखने और एक दूसरे के साथ समन्वय जारी रखने के लिए निर्देशित किया जाता है: इलिनॉय डिपार्टमेंट ऑफ ह्यूमन सर्विसेज (Illinois Department of Human Services) (जिसमें शरणार्थी और अप्रवासी सेवाओं का ब्यूरो है और जो राज्य शरणार्थी समन्वयक और राज्य मुख्य बेघर अधिकारी नियुक्त करता है); इलिनॉय लोक स्वास्थ्य विभाग (Illinois Department of Public Health) (जो राज्य शरणार्थी स्वास्थ्य समन्वयक को नियुक्त करता है); इलिनॉय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी (Illinois

Emergency Management Agency); और इलिनॉय डिपार्टमेंट ऑफ हेल्थकेयर एंड फैमिली सर्विसेज (Illinois Department of Healthcare and Family Services)।

**अनुभाग 3**. इलिनॉय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी को राज्य आपातकालीन संचालन योजना को सक्रिय रखने और आपदा प्रतिक्रिया और पुनर्प्राप्ति प्रयासों में स्थानीय सरकारों और राज्य एजेंसियों की सहायता के लिए राज्य संसाधनों का समन्वय करने का निर्देश दिया गया है।

**अनुभाग 4**. प्रतिक्रिया हेतु आवश्यक आपातकालीन खरीद, और इलिनॉय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी अधिनियम द्वारा यथा अधिकृत अन्य आपातकालीन शक्तियों के संबंध में सहायता प्रदान करने के लिए, इलिनॉय अधिप्राप्ति संहिता (Illinois Procurement Code) के वे उपबंध जो आपदा का सामना करने में आवश्यक कार्रवाई को किसी भी प्रकार से रोकते, बाधित करते, या विलंबित करते हों, उस सीमा तक स्थगित किए जाते हैं जिस सीमा तक वे संघीय कानून द्वारा आवश्यक नहीं किए गए हैं। प्रतिक्रिया हेतु आवश्यक अनुदान देने, और इलिनॉय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी अधिनियम (Illinois Emergency Management Agency Act) द्वारा अधिकृत अन्य आपातकालीन शक्तियां, जवाबदेही और अनुदान जवाबदेही और पारदर्शिता अधिनियम और इसे लागू करने वाले इलिनॉय प्रशासनिक संहिता (Illinois Administrative Code) के प्रावधान जिसके लिए राज्य एजेंसियों को फंडिंग अवसर (Notice of Funding Opportunity) (NOFO) की सूचना प्रकाशित करने और योग्यता आधारित आवेदन समीक्षा करने की आवश्यकता होती है और जो आपदा का सामना करने में आवश्यक कार्रवाई को किसी भी प्रकार से रोकते, बाधित करते, या विलंबित करते हों, उस सीमा तक स्थगित किए जाते हैं जिस सीमा तक कि वे संघीय कानून के लिए आवश्यक नहीं हैं। अनुदान जवाबदेही और पारदर्शिता अधिनियम के शेष प्रावधान प्रभावी रहेंगे। यदि आवश्यक हो तो, और इलिनॉय आपातकालीन प्रबंधन अभिकरण अधिनियम, 20, ILCS 3305/7(1) का अनुभाग 7(1) के अनुसरण में, राज्यपाल (Governor) अतिरिक्त संविधियों, आदेशों, नियमों, और विनियमों को स्थगित करने के लिए उपयुक्त सरकारी कार्रवाई कर सकते हैं।

**अनुभाग 5.** इलिनॉय आपातकालीन प्रबंधन अभिकरण अधिनियम, 20, ILCS 3305/7(3) के अनुभाग 7(3) के अनुसरण में, यह उद्घोषणा राज्यपाल (गवर्नर) के, आपातकालीन प्रतिक्रिया कार्यक्रमों को निष्पादित या सुगमित करने के उद्देश्य से राज्य के विभागों और उनके अभिकरणों या इकाइयों के निर्देश, कार्मिकों या कार्यों को स्थानांतरित करने के प्राधिकार को, आवश्यकतानुसार, सक्रिय करती है।

**अनुभाग 6.** यह उद्घोषणा इलिनॉय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी अधिनियम, 20 ILCS 3305/7(10) की धारा 7(10) के अनुसार, अस्थायी आपातकालीन आवास की उपलब्धता और उपयोग की व्यवस्था करने के लिए गवर्नर के अधिकार को सक्रिय करती है।

**अनुभाग 7**: यह उद्घोषणा संघीय आपदा सहायता के अनुरोधों को सुगम कर सकती है, बशर्ते क्षति का पूर्ण व व्यापक आकलन से पता चलता है कि प्रभावी बहाली राज्य और प्रभावित स्थानीय सरकारों की क्षमताओं से परे है।

**अनुभाग 8**: यह उद्घोषणा तत्काल प्रभावी होगी और 30 दिनों तक प्रभावी रहेगी।

जे.बी. प्रिट्ज़कर (JB Pritzker)
राज्यपाल (Governor)

दिनांक: 26 मई, 2023